दिनांक : 24.01.2026 समय : 07.10 AM

**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 18वें रोजगार मेले में 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल त्रिपुरा में 365 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- उज्जैन के तराना में हिंसा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, शांति भंग करने वालों के साथ कोई नरमी नहीं
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर कल से 27 जनवरी तक आमजन के लिए लोकभवन खोला जा रहा है।

**8वां रोजगार मेले**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 18वें रोजगार मेले में 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। इस अवसर पर वे युवाओं को संबोधित भी करेंगे और उन्हें अपने करियर के लिए प्रेरित करेंगे। रोजगार मेला देश के 45 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इन युवाओं की नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, वित्तीय सेवा, उच्च शिक्षा और अन्य सरकारी विभागों में होगी। सरकार की इस पहल के तहत अब तक देशभर में 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया- त्रिपुरा**

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल त्रिपुरा में 365 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का शुभारंभ और 95 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन परियोजनाओं का मकसद जनजातीय और दूरदराज के इलाकों में सड़क और बिजली की सुविधा बढ़ाना है।

**उज्जैन हिंसा**

उज्जैन जिले के तराना कस्बे में हुई हिंसक घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सख्त रुख सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति भंग करने वालों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। सीएम ने कहा कि जहां सख्ती की आवश्यकता होती है, सरकार वहां पूरी मजबूती के साथ कार्रवाई करती है।

तराना क्षेत्र में गुरुवार रात शुरू हुए विवाद ने कल दोपहर तक हिंसक रूप ले लिया था। दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी हुई जिसमें कई बसें क्षतिग्रस्त हुईं। एहतियात के तौर पर इलाके में बाजार बंद कर दिए गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने धारा 144 लागू की और संवेदनशील जगहों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया. पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

**भोज उत्सव**

धार में पांच दिवसीय भोज उत्सव का दूसरा दिन मातृशक्ति सम्मेलन के साथ मनाया जाएगा। आज दोपहर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहक मुख्य वक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। कल, बसंत पंचमी पर भोजशाला परिसर में दर्शन, पूजन, हवन और नमाज़ के कार्यक्रम संपन्न हुए। इन सभी आयोजनों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी शांति, अनुशासन और सौहार्द दिखाई दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशासन, पुलिस और नागरिकों के सहयोग की सराहना करते हुए इसे राज्य में शांति और सद्भाव की मिसाल बताया है।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल जबलपुर में माँ नर्मदा तट, ग्वारीघाट में आयोजित नर्मदा महाआरती में भाग

लिया। इसके पहले दोनों नेता सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समापन समारोह में शामिल हुए. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के सामूहिक विवाह समारोह में भी हिस्सा लिया. जहां उन्होंने 121 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने इन जोड़ों को योजना के तहत 49 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

**"संध्या-छाया"- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में नए वृद्धाश्रम "संध्या-छाया" का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वे राज्य स्तरीय स्पर्श मेला-2026 के विजेताओं को पुरस्कार देंगे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 327 करोड़ रुपये की राशि को भी लाभार्थियों के खातों में भेजेंगे।

**"राजभवन से लोकभवन" प्रदर्शनी**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर कल से 27 जनवरी तक आमजन के लिए लोकभवन खोला जा रहा है। नागरिक इस दौरान लोकभवन की ऐतिहासिकता, सुंदरता और विशेष सजावट देख सकेंगे।  केन्द्रीय संचार ब्यूरो और जनसंपर्क विभाग "राजभवन से लोकभवन" प्रदर्शनी का खास आयोजन भी इस दौरान कर रहा है। 26

जनवरी को भ्रमण का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जबकि 25 और 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 8 बजे तक प्रवेश होगा।

**राष्ट्रीय बालिका दिवस**

प्रदेश में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाएगा। आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावासों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर विशेषज्ञ उन्हें करियर मार्गदर्शन, डिजिटल कौशल और सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताएंगे।

**प्रगति**

प्रधानमंत्री के सक्रिय नेतृत्व और समय पर काम पूरा करने के लिए बनाए गए मंच 'प्रगति' ने अपनी 50वीं बैठक सफलतापूर्वक पूरी कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में प्रगति नाम का एक डिजिटल मंच शुरू किया था। यह मंच केंद्र और राज्य सरकारों को एक ही जगह जोड़ता है और समय पर काम पूरा करने में मदद करता है। इस मंच के जरिए बड़ी परियोजनाओं में हो रही देरी के कारणों को समझा जाता है और उनके समाधान जल्दी किए जाते हैं। प्रगति से सरकारी कामों में जवाबदेही भी मजबूत होती है। विशेष श्रृंखला में आज उत्तर प्रदेश की मऊ-गाजीपुर-तारीघाट नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन पर विशेष रिपोर्ट -

**टी-20 सीरीज**

भारत ने कल रायपुर में टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में न्यूज़ीलैंड को सात विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था. न्यूज़ीलैंड ने 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 209 रन बनाए और जीत हासिल की। सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 82 और ईशान किशन ने 76 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना

गया। पांच मैचों की इस सीरीज में भारत ने दो शून्य से बढ़त बना ली है. सीरीज का तीसरा मैच रविवार को गुवाहाटी में खेला जाएगा।

**मौसम**

राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। रात में कड़ाके की ठंड से राहत मिली है तो दिन में बादल और हल्की बूंदाबांदी वाला मौसम भी है। कल ग्वालियर-चंबल में ऐसा ही मौसम रहा। आज सुबह कई इलाकों में कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन प्रदेश में तेज ठंड नहीं पड़ेगी।

समाचार संक्षेप

1. डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आज नर्मदा जयंती और कल गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
2. सतना जिले में बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले 5 दिवसीय रामवन बसन्तोत्सव मेले का शुभारंभ कल विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह ने किया।
3. आगरमालवा जिले में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए आज से जिले में “अक्षरा” अभियान की शुरुआत हुई।